पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में रोजा इफ्तार का आयोजन

लखनऊः 23 जून, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की ओर से आज राजभवन में रोजा इफ्तार एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री मुलायम सिंह यादव तथा पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने राज्यपाल श्री राम नाईक से दूरभाष पर वार्ता कर दिल्ली में होने के कारण रोजा इफ्तार में सम्मिलित न हो पाने के बारे में बताया था।

रोजा इफ्तार में उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा, पूर्व राज्यपाल श्री माता प्रसाद, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री श्री सुरेश खन्ना, मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, राज्यमंत्री श्रीमती स्वाति सिंह, राज्यमंत्री श्री मुन्नु कोरी, सांसद जगदम्बिका पाल, सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद लालजी टण्डन, पूर्व मंत्री श्री अहमद हसन, पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह, मौलाना कल्बे जव्वाद, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान, मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना आगा रूही, महंत देव्यागिरी, राजा महमूदाबाद, नवाब मीर अब्दुल्ला जाफर, अन्य समुदाय के धर्मगुरूओं, सूचना आयुक्तगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, पत्रकार मित्रों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सुन्नीयों की नमाजे-जमात पढ़ाई तथा मौलाना कल्बे जव्वाद ने शियों की नमाजे जमात पढ़ाई। राज्यपाल ने ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा रमजान का पाक महीना हमें प्रेम व सद्भाव की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सभी सम्प्रदाय के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं यहीं हमारी संस्कृति है।

अंजुम/ललित/राजभवन (236/27)